**Pontoon Bridge at Galauli Bara Naoghat in Fatehpur, U.P.**

2681. SHRI RAM NATH KOVIND:
DR. RANBIR SINGH:

Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether some requests for construction of Pontoon bridge at Galauli Bara Naoghat in Fatehpur district, Uttar Pradesh have been received;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have taken any action on these requests for construction of 'Pucca' bridge at Chisla and Dado Ghat over Yamuna river in Fatehpur-Banda districts of Uttar Pradesh; and

(d) if so, the details thereof; and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT (SHRI T. G. VENKATRAMAN): (a) to (d) The Central Government is primarily responsible for development and maintenance of National Highway/ Bridges in the country and all other roads/bridges are essentially the responsibility of the concerned State Governments. The Pontoon bridge at Galauli Bara Naoghat in Fatehpur, Uttar Pradesh and 'Pucca' bridge at Chisla and Dado Ghat over Yamuna river in Fatehpur-Banda districts of Uttar Pradesh does not form part of National Highway System. Hence responsibility of its construction lies with the State Government of Uttar Pradesh.

**शहरों के बीच से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की चौड़ाई में कमी करना**

2682. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार शहरों के बीच से होकर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव की पूरी जिम्मेवारी नहीं लेती है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार के पास शहरी क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों की चौड़ाई 30 मीटर से 25 मीटर कम करने का प्रस्ताव विचाराधीन है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन):** (क) केन्द्र सरकार शहरों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों के लिए 60,000/- रु० प्रति कि०मी० प्रतिवर्ष अनुरक्षण लागत तथा ऐसे खंडों की उपयुक्तता अथवा अन्य आधार पर विकास की पूरी लागत वहन करती है।

(ख) जी नहीं।

**ग्वालियर और महु स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-3 पर बाह्य-पथ (बाईपास)**

2683. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ग्वालियर और महु स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-3 पर एक बाह्य-पथ (बाईपास) के निर्माण को मंजूरी दे दी गई थी; और

(ख) इस संबंध में वर्तमान स्थिति क्या है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन):** (क) जी नहीं।

(ख) रा०रा०-3 पर ग्वालियर बाईपास के संरेखण को अंतिम रूप दिया जा चुका है और महु बाईपास के लिए संरेखण को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

**मेहर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-7 पर एक उपरिपुल का निर्माण**

2684. **श्री गोविन्दराम मिरी:** क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान मेहर शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-7 पर एक उपरिपुल के निर्माण की मंजूरी दी गई है;

(ख) क्या इसे वर्ष 1995-96 की वार्षिक योजना में सम्मिलित किया गया था; और

(ग) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्री (श्री टी० जी० वेंकटरामन):** (क) मेहर शहर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऊपरिपुल का निर्माण आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल कार्यों में से एक था।

(ख) जी नहीं।